<u>नारियल विकास बोर्ड की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 112 वीं बैठक का मिनिट्स</u>

नारियल विकास बोर्ड की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 112 वीं बैठक 22 जनवरी 2016 को अपराह्न 4.00 बजे सम्मेलन कक्ष में संपन्न हुई।

बोर्ड के मुख्य नारियल विकास अधिकारी श्री राजीव पी.जॉर्ज बैठक के अध्यक्ष रहे। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे:

1.	डॉ.ए.के.नंदी, सचिव	सदस्य
2.	श्री एस एस चोयल, सहायक निदेशक	”
3.	श्री पी शबरीनाथन, वित्त अधिकारी	”
4.	श्री वी सी वसंतकुमार, साँख्यिकीय अधिकारी	”
5.	श्री मेल्टन कोरया, प्रशासनिक अधिकारी	”
6.	श्री के.के.सुभाष, सहायक पुस्तकालय सह सूचना अधिकारी	”
7.	श्री जी.एम.सिद्धरामेश्वरा स्वामी, सहायक विपणन अधिकारी	विपणन अनुभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए
8.	श्रीमती सोना जोण	प्रचार अनुभाग का प्रतिनिधित्व करती हुई
9.	श्रीमती एस.बीना, सहायक निदेशक (राजभाषा)	सदस्य सचिव

निम्न लिखित कार्यसूची मुद्दों पर परिचर्चा हुई।

विषय सं.1: 111 वीं बैठक के मिनिट्स का पुष्टीकरण

समिति ने सर्वसम्मति से राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 111 वीं बैठक के मिनिट्स की पुष्टि की।

विषय सं.2: 111 वीं बैठक के निर्णयों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट

समिति ने 111 वीं बैठक के निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की।

- समिति ने निर्णय लिया कि दिनांक 10 अक्तूबर 2015 को रायपुर, छत्तीसगढ़ में संपन्न राष्ट्रीय संगोष्ठी की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में सहायक निदेशक, प्रबीउ फार्म, कोंडागाँव को राज्य की नारियल खेती के लिए अगले वित्तीय वर्ष के बजट में एक करोड़ रुपए के आबंटन की प्रगति का अनुवीक्षण करने के लिए कहा जाए।

- समिति ने यह नोट किया कि राज्य केंद्र, पटना और प्रबीउ फार्म, वेगिवाड़ा, कोंडागाँव, मधेपुरा , अभयपुरी तथा बाज़ार विकास सह सूचना केंद्र, दिल्ली को रिपोर्टाधीन तिमाही के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित न करने का कारण पूछते हुए पत्र भेजे गए थे । इसका अनुपालन करते हुए प्रबीउ फार्म, वेगिवाड़ा और बाज़ार विकास सह सूचना केंद्र, दिल्ली ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित कीं। राज्य केंद्र, पटना और प्रबीउ फार्म, मधेपुरा और कोंडागाँव ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित नहीं की है। समिति ने निर्णय लिया कि इस चूक के लिए स्पष्टीकरण माँगा जाए।

- समिति ने पाया कि प्रबीठ फार्म कोंडागाँव को 'क', 'ख' एवं 'ग' क्षेत्र के लिए हिंदी पत्राचार का निर्धारित प्रतिशत हासिल न करने हेतु और प्रबीठ फार्म, पित्तापल्ली तथा अभयपुरी को 'ग' क्षेत्र के लिए हिंदी पत्राचार का निर्धारित प्रतिशत हासिल न करने हेतु पत्र भेजे गए थे। रिपोर्टाधीन तिमाही में प्रबीठ फार्म, अभयपुरी ने 'ग' क्षेत्र के लिए हिंदी पत्राचार का निर्धारित प्रतिशत हासिल किया है। प्रबीठ फार्म, कोंडागाँव और पित्तापल्ली ने हिंदी पत्राचार का निर्धारित प्रतिशत हासिल नहीं किया है। समिति ने निर्णय लिया कि इसके लिए अनुस्मारक भेजा जाए।

- समिति ने पाया कि राज्य केंद्र, पटना, प्रबीठ फार्म, अभयपुरी तथा बाज़ार विकास सह सूचना केंद्र , दिल्ली को हिंदी में टिप्पण का निर्धारित प्रतिशत हासिल न करने हेतु पत्र भेजे गए थे। रिपोर्टाधीन अवधि में बाज़ार विकास सह सूचना केंद्र, दिल्ली ने हिंदी टिप्पण में निर्धारित प्रतिशत हासिल किया है। राज्य केंद्र, पटना और प्रबीठ फार्म, अभयपुरी ने हिंदी टिप्पण में निर्धारित प्रतिशत हासिल नहीं किया है। समिति ने निर्णय लिया कि इस चूक के लिए स्पष्टीकरण माँगा जाए।

- यह भी नोट किया गया कि संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति के 03.09.2015 को बंगलूरु में संपन्न निरीक्षण दौरे के दौरान माननीय सांसद, डॉ प्रसन्न कुमार पटसाणी द्वारा सिफारिश की गई सर्वश्री विश्वमुक्ति पब्लिकेशन्स, भुबनेश्वर द्वारा प्रकाशित हिंदी पुस्तकें क्षेत्रीय कार्यालय, बैंगलूर में खरीदने के लिए कार्यालय को सूचित किया गया है और उन्होंने सर्वश्री विश्वमुक्ति पब्लिकेशन्स, भुबनेश्वर को क्रय आदेश दिया है।

  समिति ने अनुदेश दिया कि इकाई कार्यालयों द्वारा जो हिंदी पुस्तकें खरीदी जाती हैं उनका व्यय 'पुस्तकालय - पुस्तकों की खरीद ' शीर्ष के अधीन दर्ज करना चाहिए और आवश्यक निधि उन कार्यालयों को अंतरित करना चाहिए।

- समिति ने नोट किया कि हिंदी विज्ञापनों पर व्यय बढ़ाने के लिए याने कि कुल बजट का 50 प्रतिशत व्यय करने के लिए प्रचार अधिकारी को नोट दिनांक 16.11.2015 को जारी किया गया और यह निर्णय लिया गया कि इसका सख्त अनुपालन किया जाए।

विषय सं.3: 30.09.2015 को समाप्त अवधि की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा

30.09.2015 को समाप्त अवधि की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते वक्त समिति ने इस बात की सराहना की कि बोर्ड में हिंदी पत्राचार, टिप्पण आदि विषयों पर निर्धारित प्रतिशत हासिल किया गया है।

विषय सं.4: 30.09.2015 को समाप्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट के लिए मंत्रालय से प्राप्त समीक्षा रिपोर्ट

समिति ने नोट किया कि मंत्रालय ने समीक्षाधीन अवधि की बोर्ड की राजभाषा गतिविधियों की सराहना की है।

विषय सं.5: इकाई कार्यालयों की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा

इकाई कार्यालयों की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि राज्य केंद्र, पटना और कोलकाता, प्रबीठ फार्म, कोंडागाँव, अभयपुरी और मधेपुरा को रिपोर्टाधीन तिमाही के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित न करने का कारण पूछते हुए पत्र भेजे जाएं।

यह निर्णय लिया गया कि प्रबीठ फार्म, कोंडागाँव को 'क', 'ख' एवं 'ग' क्षेत्र के लिए हिंदी पत्राचार का निर्धारित प्रतिशत हासिल न करने और प्रबीठ फार्म, पित्तापल्ली को 'ग' क्षेत्र के लिए हिंदी पत्राचार का निर्धारित प्रतिशत हासिल न करने का कारण पूछते हुए पत्र भेजे जाएं।

यह भी निर्णय लिया गया कि प्रबीठ फार्म, कोंडागाँव तथा अभयपुरी को हिंदी में टिप्पण का निर्धारित प्रतिशत हासिल न करने के लिए पत्र भेजे जाएं।

विषय सं.6: अनुभागवार प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा

अनुभागवार प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा के दौरान समिति ने पाया कि विकास अनुभाग ने रिपोर्टाधीन तिमाही में "क" एवं 'ख' क्षेत्रों के लिए पत्राचार का निर्धारित प्रतिशत हासिल किया है। 'ग' क्षेत्र को 54 प्रतिशत पत्र द्विभाषी रूप में भेजे गए हैं जबकि निर्धारित लक्ष्य 55% है। समिति ने निर्णय लिया कि विकास अनुभाग को उपयुक्त सूचना दी जाए।

विषय सं 7: कंप्यूटर में हिंदी में काम करने की प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा

कंप्यूटर में हिंदी में काम करने की प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा करते हुए समिति ने अनुदेश दिया कि कंप्यूटर में हिंदी कार्य की मात्रा बढ़ाने की गुँजाइश है।

विषय सं 8 : संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा दिनांक 03.09.2015 को नाविबो, क्षेत्रीय कार्यालय, बंगलूरु के निरीक्षण के दौरान दिए गए आश्वासनों पर अनुवर्ती कार्रवाई

समिति ने निर्णय लिया कि संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा दिनांक 03.09.15 को नाविबो, क्षेत्रीय कार्यालय, बंगलूरु के निरीक्षण के दौरान दिए गए आश्वासनों के लिए अनुपालन रिपोर्ट भेजी जाए।

विषय सं 9 : अंग्रेज़ी के कोड/ मैनुअल/ फार्म आदि के हिंदी अनुवाद संबंधी संसदीय राजभाषा समिति की सिफारिशों पर राष्ट्रपति जी के आदेशों पर अनुवर्ती कार्रवाई विषयक कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का कार्यालय ज्ञापन सं 4-9 /2015-रा भा नीति दि. 07.01.2016

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि बोर्ड में प्रयुक्त सभी कोड/ मैनुअल/ फार्म आदि के हिंदी अनुवाद पहले ही किए गए हैं। समिति ने निर्णय लिया कि बोर्ड की नई योजनाओं के फार्मों का अनुवाद कार्य अगर शेष है तो वही शीघ्र पूरा करना चाहिए।

मुख्य नारियल विकास अधिकारी चालू तिमाही की गतिविधियों के बारे में जानना चाहा। सदस्य सचिव ने सूचित किया कि इस तिमाही में राजभाषा निरीक्षण तथा हिंदी कार्यशाला आयोजित करना है।

सदस्य सचिव ने चर्चा में सक्रिय भागीदारी के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया ।

बैठक सायं 5.30 बजे समाप्त हुई।

कोची-11

02.02.2016

मुख्य नारियल विकास अधिकारी

नारियल विकास बोर्ड

Minutes of the 112th Meeting of the Official Language Implementation Committee of the Coconut Development Board

112th Meeting of the Official Language Implementation Committee of the Coconut Development Board was held on 22nd January 2016 at 4.00 pm in the Meeting room.

Meeting was chaired by Shri Rajeev .P. George, Chief Coconut Development Officer of the Board. Following members attended the meeting:

1. Dr. A.K. Nandi, Secretary	Member
2. Shri S. S. Choyal, Assistant Director	”
3. Shri P. Sabareenathan, Finance Officer	”
4 Shri V C Vasanthakumar, Statistical Officer	”
5. Shri Melton Correya, Administrative Officer	”
6. Shri K K. Subhash, Asstt. Lib. & Information Officer	”
7. Shri G.M. Siddarameswara Swamy, Asst. Mktg Officer	Representing Marketing Section
8. Smt. Sona John, Sub-Editor	Representing Publicity Section
9. Smt. S. Beena, Asst. Director (OL)	Member Secretary

Following agenda points were taken up for discussion.

Sub.No.1: Confirmation of the minutes of the 111th OLIC meeting

The Committee unanimously confirmed the minutes of the 111th meeting of the OLIC.

Sub No.2: Report of action taken on the decisions of the 111th OLIC meeting

The Committee reviewed the follow-up-action taken on the decisions of the 111th meeting.

- Committee decided that as a follow up of the National Seminar held on 10th October 2015 at Raipur, Chattisgarh we may ask the Assistant Director, DSP Farm, Kondagaon to monitor the progress of allocation of Rs.1 Crore in the budget in the next financial year for coconut cultivation in the state.

- It was noted that letters were sent to State Centre, Patna, DSP Farms Kondagaon, Vegiwada, Madhepura and Abhayapuri and MDIC, Delhi for not conducting OLIC meetings in the quarter under report. In compliance with this**,** OLIC meetings were conducted in DSP Farm, Vegiwada and MDIC, Delhi. OLIC meetings were not conducted by State Centre, Patna and DSP Farms Madhepura and Kondagaon. Committee decided that explanation may be called for this lapse.

- Committee observed that letters were sent to DSP Farm, Kondagaon for not achieving the targets fixed for correspondence in Hindi to Regions A, B and C, DSP Farms Pitapally and Abhayapuri for not achieving targets fixed for correspondence in Hindi to Region C. In the quarter under report, DSP Farm Abhayapuri has achieved the target fixed for Hindi correspondence to Region C. DSP Farms Kondagaon and Pitapally have not achieved the target. Committee decided that reminder may be sent for this.

- Committee found that letters were issued to State Centre, Patna, DSP Farm, Abhayapuri and MDIC, Delhi to achieve the target fixed for noting in Hindi and during the quarter under report, MDIC, Delhi has achieved the target fixed for noting in Hindi. State Centre, Patna and DSP Farm, Abhayapuri have not achieved the target. Committee decided that explanation may be called for this lapse.

- It was also observed that Regional Office, Bangalore was informed that the Hindi books published by M/s Viswamukthi Publications, Bhubaneswar which were recommended by Honourable MP, Dr. Prasanna Kumar Patsani during the inspection visit of Second sub Committee of the Parliamentary Committee on Official Language on 03.09.2015 in Bangalore, can be purchased by the Office and they have placed purchase order to M/s Viswamukti Publications, Bhubaneswar.

  The Committee opined that the expenditure of the Hindi books purchased by Unit Offices should be booked under the head ' Library-Purchase of Books' and the required fund may be transferred to the account of respective offices.

- Committee noted that a note dated 16.11.2015 was issued to Publicity Officer for increasing the expenditure on Hindi advertisements i.e. 50% of total budget allocation on advertisement and opined that this may be strictly adhered to.

Sub No.3: Review of Quarterly Progress Report for the period ended on 30.09.2015

While reviewing Quarterly Progress Report for the period ended on 30.09.2015, Committee observed that the targets fixed for Hindi correspondence, noting etc. were achieved during the period under report.

Sub. No. 4: Review of Quarterly Progress Report for the period ended on 30.09.2015 received from the Ministry

Committee noted that Ministry has appreciated the Official language activities of the Board during the quarter under review.

Sub. No 5: Review of QPR of the Unit Offices

While reviewing the QPR of Unit Offices it was decided to ask State Centre, Patna and Kolkata, DSP Farms Kondagaon, Abhayapuri and Madhepura the reason for not conducting OLIC meeting in the quarter under report.

It was decided to issue letters to DSP Farm Kondagaon for not achieving the targets fixed for correspondence in Hindi to Regions A, B and C and to DSP Farm, Pitapally for not achieving the target fixed for correspondence in Hindi to Region C.

It was also decided to issue letters to DSP Farms Kondagaon and Abhayapuri for not achieving the target prescribed for noting in Hindi.

Sub. No 6: Review of Section wise progress reports

While reviewing the Section wise progress reports, Committee noted that Development Section has achieved prescribed targets in correspondence to Regions A and B in the quarter under report. 54% letters have been sent bilingually to Region C while the prescribed target is 55%. The Committee decided that the Development Section may be suitably advised.

Sub. No 7: Review of progress reports of work done in Hindi in computer

While reviewing the progress reports of work done in Hindi in computer, Committee remarked that quantum of Hindi work done in computer can be enhanced.

Sub. No 8: Follow up action on the assurances given during the inspection of RO, CDB, Bangalore by the Second Sub Committee of the Parliamentary Committee on Official language on 03.09.2015.

Committee decided to send compliance report for the assurances given during the inspection of RO, CDB, and Bangalore by the Second Sub Committee of the Parliamentary Committee on Official language on 03.09.2015.

Sub No. 9: Ministry of Agriculture and Farmers' Welfare OM No 4-9 /2015-OL Policy dt 07.01.2016 on follow up action of the orders of H'nble President on the recommendations of Parliamentary Committee on Official Language regarding translating Codes/Manuals/Forms which are only in English into Hindi

Member Secretary informed that Codes/Manuals/forms of the Board have already been translated into Hindi. Committee decided that translation of forms related to new schemes of the Board if any has to be completed at the earliest.

CCDO enquired about the activities to be carried out during this quarter. Member Secretary informed that OL inspections and Hindi workshop have to be conducted during this quarter.

Member Secretary thanked all the members for their active participation in the deliberations.

The meeting was concluded at 5.30 pm.

Kochi-11
02.02.2016

Chief Coconut Development Officer
Coconut Development Board